**Series : WYXZ5**

**SET ~ 1**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 67/5/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।
Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

## *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** यहाँ दो कथन दिए गए हैं अभिकथन (A) तथा कारण (R) : *1*

*अभिकथन (A) :* साझेदारों के स्थायी पूँजी खाते सदैव जमा शेष दर्शाते हैं, जो वर्ष-दर-वर्ष एकसमान (स्थायी) रहते हैं जब तक कि उसमें कोई पूँजी न जोड़ी जाए अथवा पूँजी का आहरण न किया जाए।

*कारण (R) :* जब पूँजी स्थायी होती है, तो विभिन्न मदों, जैसे लाभ अथवा हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज, आहरण, आहरण पर ब्याज इत्यादि का लेखा साझेदारों के पूँजी खातों में किया जाता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** There are two statements Assertion (A) and Reason (R) : *1*

*Assertion (A) :* The partners' fixed capital accounts always show a credit balance, which shall remain the same (fixed) year after year unless there is any addition or withdrawal of capital.

*Reason (R) :* When captials are fixed, then various items like share of profit or loss, interest on capital, drawings, interest on drawings, etc. are recorded in partners' capital accounts.

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**2.** (क) रानी, महारानी तथा लक्ष्मी एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने रीना को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया। रीना ने अपने भाग का अधिग्रहण रानी तथा महारानी से 3 : 2 के अनुपात में किया। रानी, महारानी, लक्ष्मी तथा रीना के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 51 : 59 : 40 : 50 (B) 51 : 59 : 50 : 40
(C) 59 : 51 : 50 : 40 (D) 40 : 51 : 59 : 50

**अथवा**

(ख) रविता, सविता, कविता तथा बबीता एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को सविता सेवानिवृत्त हो गई तथा उसके भाग का शेष साझेदारों ने बराबर-बराबर अधिग्रहण किया। रविता, कविता तथा बबीता के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 1 : 1 (B) 1 : 2 : 1
(C) 1 : 1 : 2 (D) 3 : 3 : 2

**3.** फर्म के विघटन के समय ₹ 15,000 की एक अलिखित परिसम्पत्ति थी, जिसे एक साझेदार द्वारा ₹ 13,000 में ले लिया गया। साझेदार के पूँजी खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(A) ₹ 15,000 से (B) ₹ 28,000 से
(C) ₹ 2,000 से (D) ₹ 13,000 से

**4.** सन तथा मून एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर विभाजित करते थे। उनकी प्रत्येक की स्थायी पूँजी ₹ 5,00,000 थी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए खाते तैयार करने के पश्चात, यह ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज की खतौनी साझेदारों के चालू खातों के जमा पक्ष में नहीं की गई।
इसको शुद्ध करने की समायोजन प्रविष्टि होगी : *1*

| | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | कोई प्रविष्टि नहीं | | | |
| (B) | सन का चालू खाता | नाम | 50,000 | |
| | मून का चालू खाता | | | 50,000 |
| (C) | मून का चालू खाता | नाम | 50,000 | |
| | सन का चालू खाता | | | 50,000 |
| (D) | सन का चालू खाता | नाम | 50,000 | |
| | मून का चालू खाता | नाम | 50,000 | |
| | लाभ-हानि विनियोजन खाता | | | 1,00,000 |

**2.** (a) Rani, Maharani and Laxmi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 3 : 2. On 1st April, 2024 they admitted Reena as a new partner for $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. Reena acquired her share from Rani and Maharani in the ratio of 3 : 2. The new profit sharing ratio between Rani, Maharani, Laxmi and Reena will be : *1*

(A) 51 : 59 : 40 : 50 (B) 51 : 59 : 50 : 40

(C) 59 : 51 : 50 : 40 (D) 40 : 51 : 59 : 50

**OR**

(b) Ravita, Savita, Kavita and Babita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2 : 2. On 1st April, 2024 Savita retired and her share was acquired equally by the remaining partners. The new profit sharing ratio between Ravita, Kavita and Babita will be : *1*

(A) 2 : 1 : 1 (B) 1 : 2 : 1

(C) 1 : 1 : 2 (D) 3 : 3 : 2

**3.** On dissolution of a firm, there was an unrecorded asset of ₹ 15,000 which was taken over by a partner at ₹ 13,000. Partner's capital account will be debited by : *1*

(A) ₹ 15,000 (B) ₹ 28,000

(C) ₹ 2,000 (D) ₹ 13,000

**4.** Sun and Moon were partners in a firm sharing profits and losses equally. Their fixed capitals were ₹ 5,00,000 each. After the accounts for the year ended 31st March, 2024 were prepared, it was discovered that interest on capital @ 10% p.a. was not credited to the partners' current accounts as provided in the partnership deed.

The rectifying adjustment entry for the same will be : *1*

| | Particulars | | Debit Amount (₹) | Credit Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | No Entry | | | |
| (B) | Sun's Current A/c | Dr. | 50,000 | |
| | To Moon's Current A/c | | | 50,000 |
| (C) | Moon's Current A/c | Dr. | 50,000 | |
| | To Sun's Current A/c | | | 50,000 |
| (D) | Sun's Current A/c | Dr. | 50,000 | |
| | Moon's Current A/c | Dr. | 50,000 | |
| | To Profit and Loss Appropriation A/c | | | 1,00,000 |

**5.** जॉन तथा हैरी एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते थे। 1 अप्रैल, 2023 को उन्होंने दिनेश को फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नया साझेदार इस गारंटी के साथ बनाया कि लाभ में उसका न्यूनतम भाग ₹ 1,00,000 होगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 2,80,000 था। लाभ में दिनेश को गारंटी की राशि देने के बाद फर्म के लाभ में जॉन का भाग होगा : *1*

(A) ₹ 1,40,000 (B) ₹ 1,20,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 70,000

**6.** (क) जीता लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 300 अंशों का ₹ 10 प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान नहीं करने पर हरण कर लिया। अंश हरण खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 27,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 3,000

**अथवा**

(ख) मीता लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 30,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए। 29,500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। पूर्ण रूप से आबंटन कर दिया गया। 100 अंशों का एक अंशधारक ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान करने में असफल रहा। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। ₹ 3 प्रति अंश की दूसरी याचना राशि अभी तक माँगी नहीं गई। अंशों का हरण करते समय अंश पूँजी खाते के नाम पक्ष में खतौनी की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,95,000

(C) ₹ 700 (D) ₹ 300

**7.** ऐसे ऋणपत्र जिनका हस्तांतरण सुपुर्दगी द्वारा किया जा सकता है तथा कम्पनी, ऋणपत्र धारकों का कोई लेखा नहीं रखती, कहलाते हैं : *1*

(A) शोधनीय ऋणपत्र (B) परिवर्तनशील ऋणपत्र

(C) शून्य कूपन दर ऋणपत्र (D) धारक ऋणपत्र

**8.** (क) एक साझेदार, सुधा, ने 31 अक्टूबर, 2023 को व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 12,000 का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 6% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाता है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सुधा के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 300 (B) ₹ 30

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 150

**अथवा**

**5.** John and Harry were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 1st April, 2023, they admitted Dinesh as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm with a guarantee that his share in the profits shall be at least ₹ 1,00,000. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 2,80,000. John's share in the profits of the firm after giving the guaranteed amount of profit to Dinesh will be : *1*

(A) ₹ 1,40,000 (B) ₹ 1,20,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 70,000

**6.** (a) Jeeta Ltd. forfeited 300 shares of ₹ 100 each for the non-payment of final call of ₹ 10 per share. The amount credited to share forfeiture account will be : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 27,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 3,000

**OR**

(b) Meeta Ltd. invited applications for issuing 30,000 equity shares of ₹ 10 each. Applications for 29,500 shares were received. Allotment was made in full. A shareholder holding 100 shares failed to pay the first call of ₹ 2 per share. His shares were forfeited. The second call of ₹ 3 per share was not yet made. The amount debited to share capital account, on the forfeiture of shares will be : *1*

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 2,95,000

(C) ₹ 700 (D) ₹ 300

**7.** The debentures that can be transferred by way of delivery and the company does not keep any record of the debentures holders are called : *1*

(A) Redeemable debentures (B) Convertible debentures

(C) Zero Coupon Rate debentures (D) Bearer debentures

**8.** (a) Sudha, a partner withdrew ₹ 12,000 on 31st October, 2023 for her personal use. Interest on drawings is charged @ 6% p.a. The interest on Sudha's drawings for the year ended 31st March, 2024 will be : *1*

(A) ₹ 300 (B) ₹ 30

(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 150

**OR**

(ख) साझेदारी संलेख निम्नलिखित में से किस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तैयार किया जाना चाहिए ? *1*

(A) कम्पनी अधिनियम, 2013

(B) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932

(C) भारतीय स्टांप अधिनियम

(D) सहकारी समिति अधिनियम

**9.** मनोज, दिलीप तथा राजेन्द्र एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते थे। उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 10,00,000, ₹ 8,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थी। साझेदारी संलेख में साझेदार के आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाने का प्रावधान था। साझेदार के आहरण पर निम्नलिखित में से किस खाते के नाम पक्ष में ब्याज प्रभारित किया जाएगा? *1*

(A) साझेदार का पूँजी खाता

(B) लाभ-हानि विनियोजन खाता

(C) आहरण पर ब्याज खाता

(D) लाभ-हानि खाता

**10.** रमन, हरी तथा सुरेश की साझेदारी फर्म के विघटन पर वसूली व्यय ₹ 17,000 का भुगतान फर्म की तरफ से ₹ 75,000 के एक देनदार ने किया। देरी से भुगतान के कारण ₹ 2,000 के ब्याज के साथ उससे शेष राशि प्राप्त हुई। वसूली खाता ____________ से ____________ किया जाएगा। *1*

(A) ₹ 17,000, डेबिट (B) ₹ 50,000, क्रेडिट

(C) ₹ 77,000, डेबिट (D) ₹ 60,000, क्रेडिट

**11.** पैराटिग्म लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% छूट पर किया, जिनका शोधन प्रीमियम पर किया जाएगा। इन ऋणपत्रों के निर्गमन पर 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाता' के नाम पक्ष में ₹ 4,00,000 से खतौनी की गई। ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम की राशि थी : *1*

(A) ₹ 4,00,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 4,40,000 (D) ₹ 20,000

**12.** (क) 1 अप्रैल, 2023 को विया लिमिटेड को ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 10% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्रों पर ब्याज की कुल राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 2,20,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 20,000

**अथवा**

(b) The partnership deed should be prepared as per the provisions of which of the following Acts ? *1*

(A) The Companies Act, 2013

(B) The Indian Partnership Act, 1932

(C) The Indian Stamp Act

(D) The Cooperative Societies Act

**9.** Manoj, Dilip and Rajinder were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3 : 5. Their fixed capitals were ₹ 10,00,000, ₹ 8,00,000 and ₹ 6,00,000, respectively. The partnership deed provided for interest on partners' drawings @ 12% p.a. Which of the following accounts will be debited for charging interest on partners' drawings ? *1*

(A) Partners' Capital Account

(B) Profit and Loss Appropriation Account

(C) Interest on Drawings Account

(D) Profit and Loss Account

**10.** On the dissolution of the partnership firm of Raman, Hari and Suresh, realisation expenses ₹ 17,000 were paid by a debtor of ₹ 75,000 on behalf of the firm. The remaining amount was received from him along with interest of ₹ 2,000 for delayed payment. Realisation Account will be ____________ by ____________. *1*

(A) debited, ₹ 17,000 (B) credited, ₹ 50,000

(C) debited, ₹ 77,000 (D) credited, ₹ 60,000

**11.** Paratigm Ltd. issued 40,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable at a premium. On issue of these debentures 'Loss on Issue of Debentures Account' was debited with ₹ 4,00,000. The amount of premium on redemption of debentures was : *1*

(A) ₹ 4,00,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 4,40,000 (D) ₹ 20,000

**12.** (a) On 1$^{st}$ April, 2023, Viya Ltd. issued 20,000, 10% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%. The total amount of interest on debentures for the year ended 31$^{st}$ March, 2024 will be : *1*

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 2,20,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 20,000

**OR**

(ख) राध्या लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 9% ऋणपत्रों को ₹ 97 प्रति ऋणपत्र पर निर्गमित किया। 9% ऋणपत्र खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाएगी : *1*

(A) ₹ 4,85,000 (B) ₹ 5,00,000

(C) ₹ 4,50,000 (D) ₹ 50,000

**13.** एक्स लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 90,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए। प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 20 |
| आबंटन पर | – | ₹ 50 |
| प्रथम तथा अंतिम याचना पर | – | शेष |

2,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 5,000 अंशों के एक आवेदक ने संपूर्ण अंश राशि का भुगतान आवेदन पर कर दिया। कम्पनी द्वारा प्राप्त कुल आवेदन राशि थी : *1*

(A) ₹ 44,00,000 (B) ₹ 40,00,000

(C) ₹ 18,00,000 (D) ₹ 90,00,000

**14.** क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 8 : 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। यह निर्णय लिया गया कि 1 अप्रैल, 2024 से वे लाभ-हानि को 6 : 5 : 5 के अनुपात में विभाजित करेंगे। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण, क का अभिलाभ अथवा त्याग होगा : *1*

(A) $\frac{1}{8}$ अभिलाभ (B) $\frac{2}{8}$ अभिलाभ

(C) $\frac{1}{8}$ त्याग (D) $\frac{2}{8}$ त्याग

**15.** (क) 1 अप्रैल, 2024 को, राधा तथा मोहन का स्थिति विवरण मोहन द्वारा फर्म को दिया गया ₹ 10,000 का ऋण दर्शा रहा था। इस तिथि को फर्म का विघटन हो गया। मोहन के ऋण का भुगतान निम्नलिखित में से किस खाते के जमा पक्ष में खतौनी करके किया जाएगा? *1*

(A) वसूली खाता

(B) मोहन का पूँजी खाता

(C) मोहन का चालू खाता

(D) बैंक खाता

**अथवा**

(b) Radhya Ltd. issued 5,000, 9% debentures of ₹ 100 each at ₹ 97 per debenture. The 9% debentures account will be credited by : *1*

(A) ₹ 4,85,000 (B) ₹ 5,00,000

(C) ₹ 4,50,000 (D) ₹ 50,000

**13.** X Ltd. invited applications for issuing 90,000 equity shares of ₹ 100 each. The amount per share was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | – | ₹ 20 |
| On Allotment | – | ₹ 50 |
| On First and final call | – | Balance |

Applications for 2,00,000 shares were received. An applicant who had applied for 5,000 shares paid the entire share money with the application. The total application money received by the company was : *1*

(A) ₹ 44,00,000 (B) ₹ 40,00,000

(C) ₹ 18,00,000 (D) ₹ 90,00,000

**14.** A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 8 : 5 : 3. It was decided that with effect from 1st April, 2024, profits and losses will be shared in the ratio of 6 : 5 : 5. Due to change in the profit sharing ratio, A's gain or sacrifice will be : *1*

(A) $\frac{1}{8}$ gain (B) $\frac{2}{8}$ gain

(C) $\frac{1}{8}$ sacrifice (D) $\frac{2}{8}$ sacrifice

**15.** (a) On 1st April, 2024, the Balance Sheet of Radha and Mohan showed a loan of ₹ 10,000 given by Mohan to the firm. The firm was dissolved on this date. Mohan's loan will be discharged by crediting which of the following account ? *1*

(A) Realisation Account

(B) Mohan's Capital Account

(C) Mohan's Current Account

(D) Bank Account

**OR**

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सी घटना का परिणाम फर्म का पुनर्गठन ***नहीं*** है ? *1*

(A) साझेदारी का विघटन

(B) साझेदारी फर्म का विघटन

(C) एक साझेदार की मृत्यु

(D) विद्यमान साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन

**16.** अजय तथा पार्थ एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को, उन्होंने विनोद को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। विनोद के प्रवेश पर नया लाभ विभाजन अनुपात 2 : 1 : 1 था। विनोद के प्रवेश पर अजय का त्याग था : *1*

(A) $\frac{1}{12}$ (B) शून्य

(C) $\frac{1}{6}$ (D) $\frac{1}{4}$

**17.** सुमन तथा लता एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2023 को उनके पूँजी खाते क्रमशः ₹ 1,50,000 तथा ₹ 2,00,000 का शेष दर्शा रहे थे। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। निम्नलिखित स्थितियों में पूँजी पर ब्याज का लेखांकन दर्शाइए यदि :

(i) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म ने ₹ 14,000 का लाभ अर्जित किया।

(ii) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म ने ₹ 60,000 का लाभ अर्जित किया। *3*

**18.** (क) आभा तथा सारा एक फर्म में साझेदार थीं। उनकी पूँजी थी : आभा ₹ 3,00,000 तथा सारा ₹ 2,00,000। इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है। आभा तथा सारा की फर्म के पिछले तीन वर्षों के लाभ थे :

2021 – 22 – ₹ 60,000

2022 – 23 – ₹ 90,000

तथा 2023 – 24 – ₹ 1,20,000

निम्नलिखित के आधार पर फर्म की ख्याति की गणना कीजिए :

(i) पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के चार वर्षों के क्रय।

(ii) अधिलाभों का पूँजीकरण। *3*

**अथवा**

(b) Which of the following events does ***not*** result in reconstitution of a firm ? *1*

(A) Dissolution of partnership

(B) Dissolution of partnership firm

(C) Death of a partner

(D) Change in profit sharing ratio of existing partners

**16.** Ajay and Parth were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 1st April, 2024, they admitted Vinod as a new partner in the firm. The new profit sharing ratio on Vinod's admission was 2 : 1 : 1. Ajay's sacrifice on Vinod's admission was : *1*

(A) $\frac{1}{12}$ (B) Nil

(C) $\frac{1}{6}$ (D) $\frac{1}{4}$

**17.** Suman and Lata were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2023, their capital accounts showed balances of ₹ 1,50,000 and ₹ 2,00,000, respectively. The partnership deed provided for interest on capital @ 8% p.a. Show the treatment of interest on capital in the following cases if :

(i) The firm earned a profit of ₹ 14,000 for the year ended 31st March, 2024.

(ii) The firm earned a profit of ₹ 60,000 for the year ended 31st March, 2024. *3*

**18.** (a) Abha and Sara were partners in a firm. Their capitals were : Abha ₹ 3,00,000 and Sara ₹ 2,00,000. The normal rate of return in similar business is 10%. The profits of the firm of Abha and Sara for the last three years were :

2021 – 22 – ₹ 60,000

2022 – 23 – ₹ 90,000

and 2023 – 24 – ₹ 1,20,000

Calculate goodwill of the firm on the following basis :

(i) Four years purchase of the average profits for the last three years.

(ii) Capitalisation of super-profits. *3*

**OR**

(ख) विजय, रवि तथा रमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को, उन्होंने लाभों में $\frac{1}{10}$ भाग के लिए कमल को एक नया साझेदार बनाया। यह निर्णय लिया गया कि नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 2 : 3 : 1 होगा। कमल के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया। कमल, ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाया।

(i) त्याग अनुपात की गणना कीजिए।

(ii) कमल के प्रवेश पर ख्याति के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

अपनी कार्य टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाइए। *3*

**19.** (क) केएम लिमिटेड ने एलएस लिमिटेड की ₹ 7,20,000 की परिसंपत्तियाँ तथा ₹ 2,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 9,60,000 के क्रय प्रतिफल पर किया। क्रय प्रतिफल का भुगतान केएम लिमिटेड ने एलएस लिमिटेड के पक्ष में ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों को 4% बट्टे पर निर्गमित करके किया।

केएम लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) वर्षा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 12% ऋणपत्रों को ₹ 30 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। सम्पूर्ण राशि का भुगतान आवेदन पर देय था। 5,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 3,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को वापस कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को ऋणपत्र आबंटित कर दिए गए।

वर्षा लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**20.** अमन, गोविन्द तथा गुरु एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। सुदर्शन को फर्म के लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए प्रवेश दिया गया। अमन, गोविन्द, गुरु तथा सुदर्शन के बीच 9 : 5 : 4 : 6 के नए लाभ विभाजन अनुपात पर सहमति हुई। यह सहमति हुई कि नई फर्म की कुल पूँजी ₹ 3,60,000 होगी। सुदर्शन इसका $\frac{1}{4}$ भाग अपनी पूँजी के रूप में लाएगा। अन्य साझेदारों की पूँजी का समायोजन भी नए लाभ विभाजन अनुपात में किया जाना था। सभी समायोजनों के पश्चात अमन, गोविन्द तथा गुरु की पूँजी क्रमशः ₹ 60,000, ₹ 80,000 तथा ₹ 45,000 थीं।

अमन, गोविन्द तथा गुरु की नई पूँजी की गणना कीजिए। उपर्युक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ भी कीजिए। *3*

(b) Vijay, Ravi and Raman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 1st April, 2024, they admitted Kamal as a new partner for $\frac{1}{10}^{th}$ share in the profits. It was decided that new profit sharing ratio will be 4 : 2 : 3 : 1. On Kamal's admission, the goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000. Kamal brought his share of goodwill premium in cash.

(i) Calculate the sacrificing ratio.

(ii) Pass necessary journal entries for the treatment of goodwill on Kamal's admission.

Show your working notes clearly. *3*

**19.** (a) KM Ltd. acquired assets worth ₹ 7,20,000 and took over liabilities of ₹ 2,00,000 of LS Ltd. for a purchase consideration of ₹ 9,60,000. KM Ltd. issued 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 4% in favour of LS Ltd. for payment of purchase consideration.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of KM Ltd. *3*

**OR**

(b) Varsha Ltd. invited applications for issuing 2,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 30 per debenture. Full amount was payable on application. Applications were received for 5,000 debentures. Applications for 3,000 debentures were rejected and application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Varsha Ltd. *3*

**20.** Aman, Govind and Guru were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Sudarshan was admitted for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits of the firm. The new profit sharing ratio between Aman, Govind, Guru and Sudarshan was agreed at 9 : 5 : 4 : 6. The total capital of the new firm was agreed upon as ₹ 3,60,000. Sudarshan will bring $\frac{1}{4}^{th}$ of this as his capital. The capitals of the other partners were also to be adjusted according to the new profit sharing ratio. The capitals of Aman, Govind and Guru after all adjustments stood at ₹ 60,000, ₹ 80,000 and ₹ 45,000 respectively.

Calculate the new capitals of Aman, Govind and Guru. Also pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. *3*

**21.** सुधा, सुदामा तथा सुलोचना एक फर्म में साझेदार थीं तथा लाभ का विभाजन बराबर-बराबर करती थीं। 31 मार्च, 2020 को सुधा सेवानिवृत्त हो गई। सेवानिवृत्ति की तिथि को उसे ₹ 2,40,000 की राशि देय थी। सुदामा तथा सुलोचना 31 मार्च, 2021 से शुरू करके सुधा को चार बराबर वार्षिक किस्तों में बकाया शेष पर 10% वार्षिक दर से ब्याज सहित भुगतान करने के लिए सहमत हो गईं। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है।

पूरा भुगतान होने तक सुधा का ऋण खाता तैयार कीजिए। *4*

**22.** 1 अप्रैल, 2023 को जीआई लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन पाँच वर्ष पश्चात सममूल्य पर करना है। कम्पनी अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। ऋणपत्रों पर ब्याज प्रति वर्ष अर्धवार्षिक आधार पर 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ब्याज भुगतान की कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *4*

**23.** (क) राधिका लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000 समता अंशों को ₹ 50 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 40 प्रति अंश (₹ 10 प्रीमियम सहित)

प्रथम याचना पर – ₹ 45 प्रति अंश (₹ 5 प्रीमियम सहित)

दूसरी तथा अंतिम याचना पर – शेष

39,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों को अंशों का पूर्ण आबंटन कर दिया गया। दीनू, जिसे 100 अंश आबंटित किए गए थे, प्रथम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा। उसके अंश तुरन्त हरण कर लिए गए। इसके बाद हरण किए गए अंशों को ₹ 70 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया। दूसरी एवं अंतिम याचना राशि अभी माँगी नहीं गई है।

राधिका लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

**अथवा**

**21.** Sudha, Sudama and Sulochna were partners in a firm sharing profits equally. On 31st March, 2020, Sudha retired. On the date of retirement ₹ 2,40,000 became due to her. Sudama and Sulochana agreed to pay Sudha in four equal yearly instalments plus interest @ 10% p.a. on the unpaid balance starting from 31st March, 2021. The firm closes its books on 31st March every year.

Prepare Sudha's loan account till it is fully paid. *4*

**22.** On 1st April, 2023, GI Ltd. issued 40,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at par after five years. The company closes its books on 31st March every year. Interest on debentures is payable half-yearly on 30th September and 31st March every year.

Pass necessary journal entries in the books of the company for issue of debentures and payment of interest for the year ended 31st March, 2024. *4*

